डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 217 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 21 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया







## दसवीं-बारहवीं की परीक्षा शुरू

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में फैल विद्यार्थियों की रूक जाना नहीं योजना के तहत सोमवार से परीक्षा शुरू हो गई। राज्य ओपन बोर्ड की ओर से इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

ओपन बोर्ड की ओर से रुक जाना नहीं, परंपरागत 10वीं व 12वीं की परीक्षा, पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा, आ अब लौट चलें सहित दो अन्य परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा दो पाली में आयोजित होंगी। 12वीं की परीक्षा सुबह 08 से 11 बजे तक और 10वीं की दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक आयोजित होंगी। ओपन बोर्ड की परंपरागत 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 21 मई से छह जून तक और 12वीं परीक्षाएं 20 मई से शुरू होकर सात जून तक आयोजित होंगी। वहीं रुक जाना नहीं / आ अब लौट चलें के 10वीं की परीक्षाएं 21 मई से 31 मई तक और 12वीं की परीक्षाएं 20 मई से 07 जून तक होंगी।






# मंदसौर के नर्सिंग कॉलेज भी कर दिए पास

### घूसखोर अफसर ने यहां भी की थी चार कॉलेजों की जांच, अब फिर से उठने लगे नर्सिंग कॉलेजों पर सवाल




**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के नर्सिंग कॉलेज हमेशा से चर्चाओं में रहे हैं। इसके बाद जब सीबीआई ने जांच की तो सरकारी कॉलेज को छोडक़र सभी नर्सिंग कॉलेज को क्लीन चीट मिल गई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस सीबीआई अफसर राहुल राज को विजिलेंस की टीम ने इसी तरह की जांच के मामले में रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसने मंदसौर के चार नर्सिंग कॉलेज पशुपति नर्सिंग कॉलेज, आचार्य सूरी नर्सिंग कॉलेज, मंदसौर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग कॉलेज और ज्ञान विहार कॉलेज भैसोदा की भी जांच की थी। राहुल राज के अलावा एक दर्जन अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मतलब अन्य बचे हुए कॉलेजों की जांच पड़ताल और रिपोर्ट पर भी फिलहाल सवाल उठ रहे हैं।

### ओम गिरी गोस्वामी भी हिरासत में...

सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज के 10 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार होने के बाद रतलाम में सीबीआई ने बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज के रिश्वत लेते गिरफ्तार होने के बाद हुई रतलाम में सीबीआई की इस कार्रवाई को काफी बड़ा एक्शन माना जा रहा है। बताया ये भी जा रहा है कि सीबीआई ने इस कार्रवाई के दौरान 3 संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया है। बताया ये भी जा रहा है कि पकड़े गए आरोपियों में एक का नाम राहुल शर्मा तो वहीं दूसरे का जुगल शर्मा है। जुगल किशोर शर्मा रतलाम नर्सिंग कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल है। जबकि एक संदिग्ध अरोपी के नाम का खुलासा नहीं हो सका था। सीबीआई की टीम ने जुगल शर्मा को राजधानी भोपाल से तो वहीं अन्य दो आरोपियों में ओम गिरि गोस्वामी और रोहित को रतलाम से हिरासत में लिया गया है।

### मंदसौर में सेटिंग की आशंका...

आरोपी बनाए गए सीबीआई के दो निरीक्षक समेत 13 आरोपियों में से 12 को सोमवार तक अदालत में पेश कर दिया। कोर्ट ने इन्हें 29 तारीख तक रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया है। इस मामले में पड़ोसी जिले रतलाम के वाइस प्रिंसिपल और ओमगिरी गोस्वामी सहित अन्य का नाम आने के बाद मंदसौर में हुई जांच पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसका कारण है कि रतलाम और मंदसौर के नर्सिंग कॉलेज और यहां के स्टॉफ एक दूसरे के संपर्क में होना संभव है। वहीं जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनमें मंदसौर जिले के रहने वाले भी शामिल है।

### कोरोना काल में सामने आई थी हकीकत...

मंदसौर में कोरोना काल में अस्पतालों में बेड फूल होने के बाद धर्मशालाओं, रिसोर्ट को अस्पताल बनाया गया। नियमानुसार नर्सिंग कॉलेज में अस्पताल और बेड होना अनिवार्य है। लेकिन, जब प्रशासन का इस और ध्यान गया तो पता चला कि सिर्फ एक ही नर्सिंग कॉलेज के पास अस्पताल और बेड की सुविधा है। जबकि, एक दर्जन नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं।

### आईडीबीआई एटीएम पर 75 हजार की धोखाधड़ी...

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले रुपए



**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** आईडीबीआई के एटीएम बूथ पर एटीएम बदलकर अन्य एटीएम बूथ पर जाकर 75 हजार रुपए निकालकर एक व्यक्ति के साथ धोखाधडी की गई। इस संबंध में कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई है। मामला आईडीबीआई बैंक के बाहर लगे एटीएम बूथ का है।

दरअसल बैंक में ओमप्रकाश पिता नारायण कुमावत निवासी नरसिंहपुरा रुपए जमा कराने गए थे। इस दौरान बैंक के बाहर लगे एटीएम बूथ पर रुपए निकालने पहुंचे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने धोखे से एटीएम बदल दिया। अन्य एटीएम भी आईडीबीआई बैंक का ही था। यह एटीएम मोहम्मद आबिद मंसूरी के नाम का था। एटीएम बदलकर व्यक्ति वहां से निकल गया। इसके बाद अन्य एटीएम बूथ पर जाकर उसने 75 हजार रुपए निकाल लिए। जब इसकी जानकारी ओमप्रकाश को लगी तो उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### 25 हजार नाहटा चौराहे से, 50 हजार उप्र के फरीदाबाद से निकाले...

बदमाशों ने नाहटा चौराहा स्थित एटीएम से 3 बार अर्थात दो बार 10-10 हजार और एक बार 5 हजार रूपये निकाले गए। इसके बाद उप्र के फरीदाबाद से शाहिद इंटरप्राइजेस फर्म द्वारा निकाले गए। अब पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच करें तो पूरा रैकेट हाथ आ सकता है।

## दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** नईआबादी और अफजलपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो ईनामी आरोपियों को पकड़ा है। इनमे से एक पर पुलिस कप्तान ने 10 हजार तो दूसरे पर 05 हजार का ईनाम घोषित किया था।



नई आबादी पुलिस ने बताया कि पंकज जाट पिता बगदीराम जाट उम्र 33 वर्ष निवासी खडावदा तहसील मनासा थाना कुकडेश्वर जिला नीमच के खिलाफ नई आबादी थाने पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज है। इस मामले में पुलिस को उसकी तलाश थी। इस पर 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि अवैध देशी कट्टे और एक जिंदा राउंड के साथ पकड़ा गया है। इधर अफजलपुर पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी 2024 को तीन चार व्यक्ति फरियादी भेरुलाल पिता सालगराम धनगर उम्र 70 साल निवासी हतुनिया थाना अफलपुर के घर के बाहर पहुंचे। इसके बाद देशी कट्टे से फायर किया। जिससे फरियादी के सिर, बाये हाथ की कलाई, पैर में छर्रे लगे। आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 294, 323, 34 सहित 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में मौके से आरोपी अर्जुन पिता बापूलाल धनगर निवासी खेजडिया जिला झालावाड राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं विनोद पिता बापूलाल धनगर उम्र 30 साल निवासी खेजडिया थाना गंगधार जिला झालावाड फरार चल रहा था। पुलिस कप्तान द्वारा आरोपी विनोद धनगर की गिरफ्तारी हेतु 5000 रूपये की इनामी राशि की उद्घोषणा की गइ। इसके बाद विनोद को झालावाड राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है।



## अफ्रीकी अधिकारियों ने उड़ाई फारेस्ट अफसरों की नींद

### गांधी सागर से तेंदुओं को बाहर करने की लगाई शर्त

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर अभ्यारण्य में चीता बसाने की तैयारियां जोरों पर है। यहां चीतों को लेकर तैयारियां लगभग पूरी भी हो चुकी है। सिर्फ भोजन की व्यवस्था की जाना है। भोजन सहित कुछ व्यवस्थाओं को जुटाने की तैयारियां जारी है। इधर तैयारियों के बीच अफ्रीकी अधिकारियो ने मप्र के फारेस्ट अफसरों की नींद उड़ा दी है। गांधी सागर अभयारण्य के 64 वर्ग किमी क्षेत्र में 20 तेंदुए धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। चीते देने से पहले दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों ने शर्त रखी है कि पहले एमपी में चीतों के दूसरे घर गांधी सागर अभयारण्य से तेंदुओं को बाहर करें, क्योंकि उनकी मौजूदगी से दोनों में द्वंद्व शुरू हो जाएगा। शाकाहारी वन्यप्राणियों की कमी भी हो सकती है।

इसके बाद वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने तेंदुओ को खदेडने के निर्देश दिए थे। बता दें, चीता परियोजना-1 की सफलता के बाद गांधी सागर अभयारण्य में चीते लाए जाने हैं। दो बार विशेषज्ञ दौरा कर चुके हैं। मार्च में आए दल को तेंदुए के होने के साक्ष्य मिले थे।तेंदुओं को बाहर करने के लिए तेंदुए की लोकेशन पता कर हाथियों की मदद से हांका जाएगा या उन्हें ट्रैंक्यूलाइज कर बाहर ले जाया जाएगा।

## गरमी में लगातार तेजी, लू का असर, दोपहर में सन्नाटा

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** गरमी की तेजी में लगातार इजाफा हो रहा है। तापमान में वृद्धि के कारण लोगों को अब भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिनों से दिन और रात के वक्त तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। सोमवार को गर्म हवाओं का दौर चला। इस दौरान दोपहर में बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया। रविवार को मंदसौर जिले का अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सोमवार को तापमान 43 डिग्री को पार कर गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन चार दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इस दौरान हीट वेव का भी असर रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र... **शेष पेज 4 पर**

## टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

**सुवासरा, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर में नाथूखेड़ी के निकट हुए सडक हादसे में मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाईक पर सवार होकर मां-बेटी रिश्तेदारी में राजस्थान की ओर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में दूध टैंकर की टक्कर से गिर गए। इसमें मां-बेटी दोनों चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने टैंकर चालक पर मामला दर्ज किया। दोनों महिलाओ के शवों को सुवासरा अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

सुवासरा पुलिस ने बताया कि गांव नाथूखेड़ी के समीप दोपहर 12 बजे हादसा हुआ। इसमें बाईक सवार दूध टैंकर वाहन से टकराया। बाइक गंगाराम चला रहा था। बाइक पर उसकी पत्नी श्यामूबाई व सास कंचनबाई भी सवार थी। जो राजस्थान की ओर जा रहे थे। हादसे में श्यामू बाई पति गंगाराम निवासी बनी थाना पगारिया राजस्थान एवं उसकी मां कंचन बाई पति उदय राम निवासी मानपुरा थाना शामगढ़ की मौत हो गई। घटना के बाद सुवासरा में बड़ी संख्या में इनके परिजन व रिश्तेदार भी पहुंचे।













# लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 4 जून को पीजी कॉलेज नीमच में होगी मतगणना

## कलेक्टर एवं एएसपी ने अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया

**नीमच, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत डाले गए मतों की गणना 4 जून 2024 को पी.जी.कॉलेज नीमच में होगी। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एएसपी श्री एन.एस.सिसोदिया ने अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल, मतगणना परिसर, का निरीक्षण कर, मतगणना तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, उप निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, एसडीएम डॉ.ममता खेडे एवं सीएमओ श्रीमती रश्मीर श्रीवास्तव एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं एएसपी ने मतगणना केंद्र पर मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश की व्यवस्था , पार्किंग की व्यवस्था, मीडिया सेंटर स्थापना, चिकित्सा कक्ष स्थापना, सहित अन्य व्यवस्थाओं का मौके पर अवलोकन किया और संबंधित नोडल अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एएसपी ने मतगणना केंद्र पर सुरक्षा जांच की व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर बताया गया कि मतगणना केंद्र पर मीडिया सेंटर तक मीडिया कर्मियों को मोबाईल ले जाने की अनुमति रहेगी। इसके अलावा किसी को भी मतगणना स्थिल पर बगैर वैध प्रवेश पत्र के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना केंद्र पर मोबाईल के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा। मतगणना स्थल पर कॉलेज के पीछे मीडिया कर्मियों, अभिकर्ताओं और मतगणनाकर्मियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था रहेगी और कॉलेज के पीछे प्रवेश द्वार से ही इनके मतगणना परिसर में प्रवेश की पृथक पृथक बेरिकेटिंग्स के साथ निर्धारित स्थान तक प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। प्रवेश व्दार पर सुरक्षा जांच और प्रवेश पत्रों की जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। कलेक्टर ने लोकनिर्माण कार्यपालन यंत्री को मतगणना कक्षों में आवश्यक मतगणना तैयारियां करने, बेरिकेग्टिंस की व्यवस्था करने एवं पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

# दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को डेक्सटर किडस्कूल परिसर में तीन दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समारोह में समापन हुआ। दिनांक 17 मई से दिनांक 19 मई तक बीसा पोरवाल क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन यहां किया जा रहा था। जिसमें बीसा पोरवाल समाज के युवाओं की चार क्रिकेट टीमें भाग ले रही थी। समापन अवसर पर प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीमों को मंच पर आमंत्रित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम को 11 हजार रू. व उपविजेता टीम को 7 हजार 100 रू. की राशि व शिल्ड प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, बीसा पोरवाल समाज अध्यक्ष श्री मोहनलाल रिछावरा, वरिष्ठ पत्रकार संजय लोढ़ा, जलकार्य समिति सभापति निलेश जैन, स्वच्छता समिति सभापति प्रतिनिधि रामेश्वर मकवाना, आदिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष निर्मल मच्छीरक्षक, समाजसेवी विशाल गोयल ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब मंदसौर के प्रमुख नरेन्द्र जैन अन्ना, शैलेष जैन, शुभम पोरवाल, आयुष जैन, विशाल जैन, संयम जैन, सौरभ पोरवाल, ईशान पोरवाल, नीतिन रिछावरा, सिद्धार्थ जैन डीएन, पियुष जैन नाहरगढ वाला, पंकज जैन श्रृंगारिका आदि ने माला पहनाकर व दुपट्टा ओढ़ाकर किया। समापन समारोह के प्रारंभ में सभी अतिथियों के द्वारा माँ अम्बिका देवी के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन पियुष जैन नाहरगढ वाला ने किया तथा आभार शुभम जैन ने माना।

**इन टिमों ने की सहभागिता–** इस तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दशपुर डेयर डेविल्स, जैन सुपर किंग, बीसा सनराईजर, पोरवाल टाइटन ने सहभागिता की। प्रतिदिन 14-14 ओवर के मैच खेले गये। इन मैचों को देखने के लिये बीसा पोरवाल समाज के गणमान्य नागरिक व माता बहने भी बड़ी संख्या में यहां पहुंची और उन्होने मैचों का आनन्द किया।

**फाइनल मैच रोमांचक रहा–** रविवार को आयोजित हुआ फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। फाइनल मैच में बीसा सनराईजर व दशपुर डेयरडेविल्स के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें दशपुर डेयरडेविल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 14 ओवर में 184 रन बनाये। जिसमें कप्तान रजत व यश ने अर्धशतक भी लगाये। इसके जवाब में बीसा सनराइजर्स की टीम 155 रन ही बना सकी। जिसमें पक्षाल ने नाबाद रहते हुए 105 रन बनाये। इस प्रकार दशपुर डेयरडेविल्स की टीम ने विजेता टीम होने का गौरव प्राप्त किया।

**इनको मिले पुरस्कार–** कार्यक्रम में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सामी पोरवाल ने एवं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रजत जैन ने प्राप्त किया। इनको शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी विशाल गोयल का भी बीसा पोरवाल समाजजनों ने आभार प्रकट किया।



# दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की मंदसौर शाखा के ई न्यूज लेटर का विमोचन

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** सनदी लेखाकार संस्थान की मंदसौर जिला शाखा के द्वितीय ई न्यूज लेटर का विमोचन गरिमामय कार्यक्रम में सेंट्रल काउंसिल सदस्य एवं कमेटी फॉर मेम्बर्स के इन प्रैक्टिस के चेयरमैन सीए रोहित रूवाटिया जयपुर द्वारा किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए ई न्यूज लेटर कमेटी मंदसौर जिला शाखा चेयरमेन सीए नयन जैन ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में आईसीएआई मोटो सांग सीए विद्यार्थी महिमा मोटवानी, नंदिनी बैरागी एवं लविना भगतानी द्वारा सीए अर्पित मेहता के निर्देशन में प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण देते हुए चेयरमेन सीए दिनेश जैन ने कहा कि ई न्यूज लेटर संस्था का आईना होता है, मंदसौर जिला शाखा के ई न्यूज लेटर संपादक सीए जमीला लोखंडवाला व सीए प्राज्वी जैन द्वारा दिये जा रहे योगदान की सराहना की। सीए रोहित रूवाटिया ने कहा कि अभी टेक्नोलॉजी का युग है और उसमें नित नये बदलाव आ रहे है। ई न्यूज लेटर के माध्यम से सभी का संवाद बेहतर होगा। आपने कहा कि महिला सीए सदस्यों को यह जवाबदारी देना मंदसौर शाखा का सराहनीय कदम है। अतिथि को मोमेंटो सीए राजेश जैन व सीए आयुष जैन ने दिया। इस अवसर पर सीए विरेन्द्र जैन, सीए राजेश मण्डवारिया, सीए विकास भण्डारी, सीए अर्पित नागदा आदि उपस्थित थे। अंत में आभार सीए विकास भण्डारी ने माना।

# नि:शुल्क योग शिविर में प्रांजल धाकड़ व भव्य पाटीदार ने दिखाया हुनर, रहे अव्वल



**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान, मंदसौर द्वारा बच्चों के लिये आयोजित हुए छ: दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर में बच्चों को योग की प्रति प्रेरित करने व उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिये गये। साथ ही शेष रहे 64 बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने इस दौरान कहा कि सभी बच्चों सभी छ: दिन नियमित आकर योगाभ्यास किया। सभी ने शिविर के प्रति अपनी खुशी जाहिर की। शिविर में बच्चों को योग से निरोग रहने का मंत्र मिला। बेहतर योग प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत- योग संस्था उपाध्यक्ष जितेश फरक्या ने बताया कि 6 दिवसीय शिविर में 70 बच्चों ने सहभागिता की। इन छ: दिवस में नियमित, सही व अनुशासित रूप से योग करने वाले बालिका वर्ग में प्रथम प्रांजल धाकड, द्वितीय हीरल शर्मा व तृतीय हंशिका सोनी तथा बालक वर्ग में प्रथम भव्य पाटीदार, द्वितीय तनिष्क पाटीदार व तृतीय जियांश अग्रवाल को ब्रज नैनवानी की ओर से पुरस्कृत किया। योग के गुण बताने वाले कीर्तिसिंह राठौर को विशेष पुरस्कार दिये। साथ ही प्रतिदिन योग शिविर में आने वाले 64 बच्चों को डॉ. विमल मेहता की ओर से प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रेमेन्द्र चौरड़िया, विजय पलोड, महेश सेठिया, अनुपम माली, प्रीति जैन, नेहा गांधी, शोंकी कश्यप, राजेन्द्र चाष्टा, सी.एस. नारानिया शोकिन धाकड कंवरलाल पाटीदार, आदि उपस्थित रहे। संचालन संस्था सचिव लोकेन्द्र जैन ने किया एवं आभार संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने माना।



# भगवान नरसिंह चतुर्दशी पर्व आज मनेगा

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्री नरसिंह मंदिर ट्रस्ट,अग्रवाल समाज मन्दसौर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री नरसिंह चतुर्दशी पर्व पुरे हर्षो उल्लास के साथ 21 मई मंगलवार को मनाया जाएगा।

इस आशय की जानकारी मंदिर समिति ने देते हुए बताया कि 21 मई मंगलवार प्रात: 9 बजे नरसिंह मंदिर जनकुपुरा में हवन पूजन, अभिषेक एवम मन्दिर के शिखर पर ध्वजा का आयोजन होगा । अभिषेक में श्री प्रहलाद जी मोहनलाल जी अग्रवाल (कबाड़ी) परिवार द्वारा करवाया जाएगा तथा संध्या 6.30 बजे नरसिंहपुरा स्थित श्री नरसिंह मंदिर पर भगवान श्री नरसिंह का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। जहां पर सजीव चित्रण में भगवान श्री नरसिंह भक्त प्रह्लाद की पुकार सुनकर खम्भ फाड़कर प्रकट होंगे और आतताई हिरणा कश्यप का वध करेगें। अत: आप सभी अग्र परिवार जन ओर धर्म प्रेमी जनता से निवेदन है कि सुबह 9 बजे गणपति चौक स्थित श्री नरसिंह मंदिर तथा संध्या 6.30 बजे नरसिंह पुरा मंदिर पर अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेवे।



# जन्मदिन पर रक्तदान शिविर सम्पन्न

**सीतामऊ/मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक संस्था रक्तसेवा गौसेवा फाउंडेशन (रक्तसेवा हिंदुस्तान) मंदसौर का 79 वां शिविर सीतामऊमें सम्पन्न। 20 मई 2024 सोमवार के दिन संस्था के जिला प्रभारी हितेश रायमलानी (भाऊ) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीतामऊमें शिविर का आयोजन किया गया प्रात: 10 बजे शिविर में सर्वप्रथम भारतमाता को माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर शिविर शुभारंभ किया गया , भाऊने भी अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया तथा रक्तवीरों ने शिविर को यथावत चलाते हुए 35 यूनिट रक्तदान कर दोप. 01.30बजे शिविर आयोजित किया।

भाजपा के दिग्गज नेता सुवासरा के वर्तमान विधायक और पूर्व केबिनेट मंत्री हरदीप सिंह डग और मंदसौर वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ विजय पाटीदार ने भी शिविर में पहुंच कर भाऊ को जन्मदिन की बधाईया प्रेक्षित कर रक्तदान किया और रक्तदान शिविर के की सराहना करते हुए रक्तवीरो को संबोधित किया तथा सभी रक्त वीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ममंदसौर जिला अस्पताल की रक्तकोष की टीम द्वारा रक्तसंग्रहण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सक्रिय सदस्य नरेंद्र भाटी,प्रदेश उपाध्यक्ष अंबाराम पाटीदार भी उपस्थित रहे पूरी जानकारी जिलाध्यक्ष पुष्कर पाटीदार निंबाखेड़ी द्वारा दी गई।

# दशपुर रंगमंच ने आयोजित की सुरीली संगीत संध्या



**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच ने सुरीली संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत आबिद भाई ने गीत मैं ढूंढता हूं जिनको ख्वाबों में ख्यालों में वह मुझको मिल सके ना सुबह के उजालो में से की। नंदकिशोर राठौर ने सुभानल्लाह होए हंसी चेहरा गीत सुनाया। नरेंद्र सागोरे ने गीत ठहरे हुए पानी में कंकर ना मार सावरी मन में हलचल सिमट जाएगी बावरी को गाया। ललिता मेहता ने गीत फूल तुम्हें भेजा है खत में, फूल नहीं मेरा दिल है को सुन्दर रूप से प्रस्तुत किया। अभय मेहता ने गीत चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाए हम दोनों को सुनाया। योगेश गोविंदानी ने आपसे गिला आपकी कसम को अपनी आवाज में गाया। रानी राठौर ने गीत रोज-रोज आंखोंतले तथा श्याम गुप्ता ने मेरे नैना सावन भादो फिर भी मेरा मन प्यासा को सुनाया। हिमांशु वर्मा ने माना तेरी नजर में तेरा प्यार हम नहीं को बखूबी प्रस्तुत किया। सतीश सोनी ने सदा बहार गीत कोई नजराना लेकर आया हूं मैं दीवाना तेरे लिए को सुनाया। डॉ विक्रांत भावसार ने गीत चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम को सुनाकर तालियां बटोरी। स्वाति रिछावरा ने जगजीत सिंह की गजल उस मोड से शुरू करें फिर यह जिंदगी को प्रस्तुत किया। दिव्यांश वर्मा ने गीत तुम्हारी जुल्फ के साये में शाम कर लूंगा , भारत लखानी ने गीत मेरे रंग में रंगने वाली परी हो या परियों की रानी तथा लोकेंद्र पांडे ने गीत कभी यादों में आऊं कभी ख्यालों में आऊं को सुनाया। संगीत संध्या का संचालन संस्था अध्यक्ष संचालन अभय मेहता ने किया व आभार ललिता मेहता ने माना।

# जिले में 12 अस्पतालों में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला चिकित्साल एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय वृद्ध जन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्ध जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला चिकित्सालय मंदसौर, सिविल हॉस्पिटल गरोठ, भानपुरा, शामगढ़, सुवासरा, सीतामऊ, मल्हारगढ़ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुंधडका, नगरी, पिपलिया मंडी, नारायणगढ़, क्यामपुर अस्पतालों में 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं एवं पुरुषों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गईश्र शिविर में आने वाले मरीजों की जांच में नेत्र परीक्षण, मेडिसिन, सर्जरी, क्षय रोगियों की खखार जांच, नाक कान गला, डेंटल, बीपी, शुगर की जांच की गई। पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आईडी बनाई गई । चिन्हित किए गए मरीजों के कार्ड बनाकर दिए गए । जिससे उनकी नियमित रूप से अस्पताल में जांच की जाएगी । फिजियोथैरेपिस्ट के द्वारा फिजियोथैरेपी सेवा दी गई । आवश्यकता अनुसार चिन्हित मरीजों को निशुल्क फिजियोथैरेपी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी । शिविर में वृद्धावस्था के दौरान हल्के नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन, पूरी नींद लेना, दैनिक दिनचर्या के संबंध में भी जागरूक किया गया।



# विशेषज्ञों की समिति सुधारेगी वनौषधियों की गुणवत्ता

**भोपाल, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** आयुष विभाग सहित अन्य राज्यों को विंध्य हर्बल की वनौषधियों की आपूर्ति करने वाला लघु वनोपज संघ अब वनौषधियों की गुणवत्ता सुधारने पर काम करेगा। इसके लिए समिति गठित की जाएगी जिसमें माइक्रो बायोलाजिस्ट, केमिस्ट, बाटनिस्ट, क्वालिटी कंट्रोलर एवं मेनुफैक्चरिंग केमिस्ट रहेंगे।

लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र (एमएफपी पार्क) की सबसे बड़ी और अत्याधुनिक निर्माण इकाई में खराब एवं जिनके उपयोग की अवधि समाप्त हो गई है, उन वनौषधियों को समिति के माध्यम से नष्ट किया जाएगा। बता दें कि विगत वर्ष विधानसभा में भी लघु वनोपज संघ की वनौषधियों की गुणवत्ता को लेकर प्रश्न उठाए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वनौषधियों को नष्ट करने से पहले आंतरिक प्रयोगशाला से फेल सामग्री की पुन: मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से जांच कराई जाएगी और इसमें भी वनौषधि के फेल होने पर उसे नष्ट किया जाएगा या उसे संबंधित आपूर्तिकर्ता संस्था लौटाया जाएगा। राज्य लघु वनोपज संघ की वनौषधियों की गुणवत्ता पर मध्य प्रदेश विधानसभा में भी कई बार सवाल उठ चुके हैं। वन विभाग और आयुष विभाग ने तब स्वीकार किया था कि वनौषधियां जांच में फेल हुई और गुणवत्ता सुधारने पर लगातार काम किया जा रहा है। एमएफपी पार्क द्वारा समस्त शासकीय संस्थानों में औषधियों की आपूर्ति के लिए संस्थागत अभिकर्ता नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही आय में वृद्धि के लिए खुदरा व्यापार को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।



# वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**नीमच, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय नीमच की ट्रामा ओ पी डी में सोमवार को नि:शुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 121 वृद्धजनों ने शिविर का लाभ लिया। वृद्धजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.संगीता भारती,केंसर एव कुष्ठरोग विशेषज्ञ डॉ.विजय भारती मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ.सतीश चौधरी, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.स्वाति वधवा, दंत रोग चिकित्सक डॉ.रोशनीका वर्मा व डॉ.प्रज्ञा प्रधान, ने शिविर में आने वाले मरीजों का परीक्षण कर उपचार दिया एंव नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एव हेल्थ आईडी बनाए गए। फीजीयोंथेरेपिस्ट डॉ.हुसैन बेगुवाला, डॉ.मेघा करावना द्वारा वृध्दजनों की फिजियोथेरपी की गई।एन.सी.डी.स्टाफ मनीष व्यास, नीलम वैद्य एवं नर्सिंग विद्यार्थि युवराज सिंह और फिज़ा खान ने मरीजों का बीपी शुगर की जाँच कर वृध्दावस्था से जुड़ी देखभाल के बारे में जानकारी दी।

# आप की परेशानी बढ़ी, अमेरिका समेत 8 देशों से मिली करोड़ों की अवैध फंडिंग, ईडी ने गृह मंत्रालय को दी जानकारियां



**नई दिल्ली, 20 मई।** आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढने वाली है। ईडी ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी को विदेशी फंडिंग मिली है। गृह मंत्रालय को दी गई अपनी रिपोर्ट में ईडी ने बताया है कि 2014 से 2022 के बीच आम आदमी पार्टी को कुल 7।08 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग मिली है। ईडी ने गृह मंत्रालय को बताया है कि आप पार्टी ने यह फंड हासिल कर FCRA, RPA और IPC का उल्लंघन किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी ने यूएस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सउदी अरब, यूएई, कुवैत और ओमान से फंड हासिल किया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि दानदाताओं की पहचान को छिपाया गया, पहचान से छेडख़ानी की गई और गलत पहचान घोषित की गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जांच एजेंसी ने दावा किया है कि यह जानकारी उसे आप वॉलेन्टियर्स और कार्यकर्ताओं के बीच हुए ईमेल के आदान-प्रदान से मिली है। इसमें अनिकेत सक्सेना (कोऑर्डिनेटर ऑफ आप ओवरसीज इंडिया), कुमार विश्वास (आप के ओवरसीज इंडिया के तत्कालीन संयोजक), कपिल भारद्वाज (तत्कालीन आप सदस्य) और दुर्गेश पाठक के ईमेल भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ईडी की जांच में अब तक पता चला है कि यह पैसे यूएस और कनाडा में फंड रेजिंग कैंपेन के जरिए जुटाए गए हैं। ईडी का दावा है कि स्नष्छ्रक्र की तरफ से लागू पाबंदियों से बचने के लिए दानदाताओं की पहचान आप द्वारा छिपाई गई। आप के अकाउंट बुक में जो इन दानदाताओं की जो पहचान दिखाई गई है वो भ्रामक हैं। जांच एजेंसी के हवाले से मीडिया रिपोर्टमें बताया गया है कि कई दानदाताओं ने एक ही पासपोर्ट नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल आप को फंड देने के लिए किया है। बताया जा रहा है कि ईडी ने अपनी जांच के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय को सब कुछ बताया है। इसमें दानदाताओं के नाम के साथ उनका विवरण, दानदाता का देश, पासपोर्ट नंबर, कुल रकम, डोनेशन की प्रक्रिया और रकम हासिल करने वाले का बैंक खाता भी शामिल है। इसके अलावा बिलिंग नेम, बिल का पता, बिल पर मौजूद टेलिफोन नंबर, बिलिंग ईमेल, पैसे भेजने का समय, फंड देने की तारीख और पेमेंट का तरीका इत्यादि शामिल है। ईडी ने मंत्रालय को बताया है कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच के दौरान उसे यह सभी जानकारियां मिली हैं। ईडी के मुताबिक, विदेश में रहने वाले 155 लोगों ने 404 मौकों पर 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर कुल 1।02 करोड़ रुपये डोनेट किए। इसके अलावा 71 दानदाताओं ने 256 मौकों पर 21 मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर कुल 99।90 लाख रुपए आम आदमी पार्टी को डोनेट किए। इसी तरह विदेश में रहने वाले 75 डोनरों ने 15 क्रेडिट कार्डों र्का इस्तेमाल कर 148 मौकों पर 19।92 लाख डोनेट किए। ईडी ने कहा है कि कनाडा में रहने वाले 19 लोगों के ईमेल आईडी और मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर 51।15 लाख रुपये्रआप को डोनेट किए गए हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 47 | 2134 | 2304 |
| उडद | 2 | 6000 | 6000 |
| सोयाबीन | 3410 | 3960 | 4856 |
| गैहु | 5500 | 2450 | 3050 |
| चना | 450 | 5550 | 6140 |
| मसुर | 210 | 5450 | 6161 |
| धनिया | 263 | 4800 | 7201 |
| लहसुन | 15100 | 6500 | 22500 |
| मैथी | 1203 | 4991 | 6170 |
| अलसी | 1375 | 5901 | 6201 |
| सरसो | 339 | 5100 | 5451 |
| तारामीरा | 1 | 4721 | 4721 |
| इसबगोल | 121 | 10000 | 14800 |
| प्याज | 2325 | 300 | 1270 |
| कलोंजी | 15 | 1400 | 20200 |
| डॉलर | 7 | 8000 | 10111 |
| तिल्ली | 14 | 12191 | 12941 |
| मटरसुखी | 4 | 4290 | 4769 |
| असालीया | 70 | 9001 | 10458 |

# ऑनलाइन ठगी: पेरेंट्स के खातों से करा रहे ट्रांजेक्शन

## साइबर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** ऑनलाइन गेमिंग की बच्चों में बढ़ती लत के दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। राज्य सायबर सेल के पास अब तक ऐसी 10 से ज्यादा शिकायतें पहुंची हैं, जिनमें बच्चों ने अगले लेवल में जाने के लिए माता-पिता के खाते से ट्रांजेक्शन कर दिए। कुछ मामलों में तो ट्रांजेक्शन के बाद ओटीपी का मैसेज डिलीट भी कर दिया गया। माता-पिता की शिकायत पर सायबर पुलिस ने तकनीकी जांच की तो बच्चों की गलतियां सामने आईं। पुलिस को मिले इन मामलों में पुलिस ने माता-पिता के कहने पर कोई केस दर्ज नहीं किया। ऐसा किसी और घर में न हो, इसलिए राज्य साइबर सेल ने एक एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने बताया कि ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान बच्चे इस तरह के लोगों के संपर्क में आते हैं, जिन्हें बच्चे अपना ऑनलाइन मेंटर मानने लगते हैं। ये ऑनलाइन मेंटर बच्चों को अगले लेवल में जाने के तरीके बताने, गेम के लिए वर्चुअल हथियार, कॉस्ट्यूम या अवतार खरीदने के लिए उकसाते हैं। इसके लिए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करना जरूरी होता है। अगले लेवल में जाने की धुन में बच्चे अपने माता-पिता के ऑनलाइन बैंकिंग या डेबिट-क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर लेते हैं।



**यह करें माता - पिता...**

✻ बच्चों को हो सके तो मोबाइल फोन न दें, ऑनलाइन क्लास के लिए देना जरूरी हो तो बगैर सिमकार्ड का दें और वाईफाई से इंटरनेट इस्तेमाल करवाएं। ✻ बाजार में ऐसे टेबलेट भी उपलब्ध हैं, जिसमें सिमकार्ड लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। ✻ बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी पर नजर रखें और प्ले स्टोर पर पेरेंटल कंट्रोल ऑन रखें। ✻ वह फोन खासकर बच्चों को न दें, जिसमें आपके बैंक खाते से जुड़ा नंबर इस्तेमाल हो रहा हो।



# पीडब्ल्यूडी विभाग मतगणना कक्ष अच्छे से तैयार करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभाग की समीक्षा बैठक एवं मतगणना कार्यों की समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना कक्ष अच्छे से तैयार किया जाए। मतगणना कक्ष में टेबल लगवाने, बाहर की तरफ जाली लगवाने का काम व्यवस्थित तरीके से करें। पूरे परिसर में पीने का पानी एवं कूलर की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पीने का पानी एवं चलित टॉयलेट के संबंध में नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि पीने के पानी की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए पानी की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सुचारू विद्युत व्यवस्था के लिए एमपीईबी विभाग को निर्देश दिए गए।


सभी जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागों के कार्यों की

### साप्ताहिक अंतर विभागीय एवं मतगणना कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

समीक्षा जनपद स्तरीय बैठक में जाकर भी किया करें। जिससे कार्य जल्दी पूर्ण होंगे। पीआईयू विभाग उप स्वास्थ्य केंद्र पिपलिया मंडी के अधूरे कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करें। एमपीआरडीसी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि टोल बूथ पर आपातकालीन गेट हमेशा चालू रहना चाहिए। चालू नहीं रहने की स्थिति में कार्यवाही करें। मंडी सचिव सभी मंडियों में व्यवस्था को सुधारे तथा किसानों के भुगतान को लेकर कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उपार्जन अंतर्गत फसल बेचने की अंतिम तिथि 31 मई है। इसके लिए उपार्जन से जुड़े अधिकारी अंतिम तिथि का ध्यान रखते हुए उपार्जन का कार्य करवाए। वृक्षारोपण के लिए सभी विभाग अभी से प्लान तैयार करें। जिससे वर्षा ऋतु के समय अच्छे प्लान के साथ पौधारोपण किया जा सके। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

## कांग्रेस आज मनाएगी राजीव गांधी का बलिदान दिवस

**मंदसौर, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।**



शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव जी गांधी के बलिदान दिवस आज 21 मई मंगलवार को प्रातः 10 से 10.45 बजे तक शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उसके उपरांत इन्दिरा गांधी जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में रक्तदान किया जायेगा। आयोजन में मुख्य वक्ता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश जी रातड़िया होंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन, लोकसभा कांग्रेस उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह जी गुर्जर, पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारतीय, पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, नेता प्रतिपक्ष रफ्त पयामी सहित वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतः सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी गण, मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्षगण, पार्षद, पूर्व पार्षद गण, पार्षद प्रत्याशी गण, ब्लॉक के सभी पदाधिकारी गण, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, समस्त कांग्रेस कार्यकर्तागण समय पूर्व आयोजन में पधारने का अनुरोध मंडलम अध्यक्ष गण में सर्वश्री रमेश ब्रिजवानी, विश्वनाथ सोनी, वकार खान, अजय सोनी, अजय मारू, पंकज जोशी, राजनारायण लाड़, शुभम कुमावत, नितेश सतीदासानी, दशरथ सिंह राठौड़, विजय जैन आदि ने अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया है।

# चंबल कितनी स्वच्छ, यह पता लगाने के लिए पहली बार 495 किमी लंबाई में होगी पानी की जांच

**मुरैना, 20 मई।** शासन, प्रशासन से लेकर आमजन में मान्यता है, कि चंबल नदी मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत की सबसे स्वच्छ नदियों में शुमार है। लेकिन चंबल का पानी कितना स्वच्छ है, यह इंसानों के पीने लायक है भी या नहीं? चंबल के पानी में क्या खुबियां और क्या कमियां हैं? यह तकनीकी तौर पर किसी को नहीं पता यह पता लगाने के लिए पहली बार चंबल के पानी की जांच होगी। राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल सेंक्चुरी और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) अगले महीने से यह जांच शुरू करने वाले हैं, इसके लिए अत्याधुनिक यंत्र व मशीनें लाई जा रही हैं। चंबल नदी के पानी की जांच के नाम पर राजघाट क्षेत्र में कभी-कभी पानी के सैंपल लेकर जांच होती रही है, लेकिन राष्ट्रीय घड़ियाल सेंक्चुरी की जद में आने वाले चंबल नदी के 495 किलोमीटर के हिस्से (श्योपुर से लेकर उप्र के पचनदा तक) के पानी की गुणवत्ता जांच पहली बार होने जा रही है। इसके लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान के रिसर्चर एवं विशेषज्ञ तीन दिन पहले चंबल घड़ियाल सेंक्चुरी के अफसरों से



मिले हैं। पानी की जांच की प्लानिंग पर काम शुरू हो गया है और जून महीने के पहले सप्ताह से यह काम शुरू हो जाएगा। सेंक्चुरी प्रशासन के अनुसार 12 से 15 दिन तक सैंपल लेने और साथ ही साथ पानी की जांच का काम चलेगा। जांच परिणाम आने के बाद चंबल के पानी में पाई जाने वाली कमियों को दूर कर नदी को स्वच्छ बनाने के काम शुरू होंगे। चंबल का पानी आगामी साल में मुरैना, ग्वालियर में पेयजल सप्लाई में मिलेगा, इसलिए भी यह जांच बेहद अहम है। चंबल के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा तलहटी से लेकर ऊपर तल पर कितनी है, यह पता लगाने के लिए डिजाल्व ऑक्सीजन जांच होगी। स्वच्छ पेयजल में कैल्शियम, मैग्नीशियम, सल्फर जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं, चंबल के पानी में कौन-कौन से मिनरल्स कितनी मात्रा में मौजूद हैं, इसकी भी जांच होगी। चंबल नदी के किनारों पर, पानी में कई प्रजाति के छोटे-छोटे वनस्पति पौधे 12 महीने हरे-भरे रहते हैं, इन वनस्पति पौधों से पानी की गुणवत्ता पर क्या असर हो रहा, इसका पता लगाने के लिए प्लेंकन जांच होगी।

**पूर्व की सूक्ष्म जांचों में ऑक्सीजन कम**–वैसे तो चंबल के पानी की जांच यदा-कदा होती रही है। साल 2012 और फिर साल 2013 में चंबल घड़ियाल सेंक्चुरी ने पानी की जांच करवाई थी, जो केवल राजघाट और चंबल नदी पर बने रेलवे पुल के आसपास के पानी की हुई थी। साल 2012 में चंबल के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा 7 फीसदी थी, जो साल 2013 की जांच में घटकर 3.4 फीसदी रह गई थी। इसके अलावा पानी में अपशिष्टें की जांच हुई थी, जिसमें साल 2012 में 249 मिलीग्राम प्रति लीटर बताई गई और 2013 में यह बढ़कर 374 मिलीग्राम तक पहुंच गई थी। पेयजल में अपशिष्ट की मात्रा शून्य होनी चाहिए, इस हिसाब से पूर्व में हुई जांच में चंबल के पानी को पीने योग्य नहीं माना गया, लेकिन यह जांच बेहद छोटे स्तर पर हुई थी, पहली बार चंबल घड़ियाल सेंक्चुरी क्षेत्र के पूरे पानी की जांच हो रही है।

चंबल के पानी की जांच पहले बहुत छोटे स्तर पर एक-दो जगहों पर ही हुई है, पहली बार पूरे सेंक्चुरी क्षेत्र के पानी की जांच डब्ल्यूआईआई के साथ मिलकर करवा रहे है, जो जून के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। जांच के परिणाम में जो कमियां मिलेंगी उन्हें दूर कर नदी को स्वच्छ बनाने के काम शुरू होंगे।

**स्वरूप दीक्षित, डीएफओ, चंबल घड़ियाल सेंक्चुरी, मुरैना**

# इसी साल इंदौर-धार रेलखंड के बीच ट्रेन संचालन का लक्ष्य

**रतलाम, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट में पीथमपुर के पास बन रही बड़ी टनल में 200 मीटर हिस्से में खुदाई होना बाकी है। यह काम भी जून माह के मध्य तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके ठीक बाद 2.8 किमी लंबी इस टनल में पटरी बिछाने का काम शुरू हो जाएगा।

बता दें कि रतलाम मंडल ने इंदौर-धार रेलखंड में इसी साल दिसंबर तक ट्रेन संचालन का लक्ष्य तय किया है। उल्लेखनीय है कि 2013 में इंदौर-दाहोद (205 किमी) प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। वर्तमान में इंदौर-टिही रेलखंड में मालगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। दाहोद से कतवारा तक काम पूरा हो चुका है। पीथमपुर-सागौर रेलखंड (9.3किमी) पर ट्रैक बिछाने काम भी पूरा कर लिया गया है। इस बार बजट में प्रोजेक्ट के लिए 600 करोड़ रुपयें मिले है। कुछ महीने पहले



ही रेलवे ने इस प्रोजेक्ट में सोगार, गुनावद, नोगांव, झाबुआ, पिटोल में नये रेलवे स्टेशन बिल्डिंग, प्लेटफार्म आदि का निर्माण शुरू कर दिया है। इंदौर से दाहोद तक कुल 22 रेलवे स्टेशन बनाए जाने है। इधर सागौर से नौगांव (धार) तक करीब 37 किमी का काम आगामी समय में पूरा करना है। इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा आदिवासी अंचल को रेल सेवाओं से जोड़ेगा। आवागमन के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा। रेल लाइन शुरू होने से इस क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा।

**इनका कहना...**

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन का काम तेजी से चल रहा है। सुरंग में कुछ हिस्से में खोदाई होना बाकी है। यहां पटरी बिछाने के लिए टेंडर भी जारी हो चुका हैं।

**खेमराज मीणा, पीआरओ, रतलाम मंडल**

# डीजे की कान फोड़ू आवाज ने किया लोगों का जीना हराम

## डीजे की अत्यधिक तेज आवाज से मकानो, व्यवसायिक दुकानों व धरती पर होता कंपन, बुजुर्ग व बच्चे तथा पक्षी सर्वाधिक प्रभावित

**भानपुरा, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।**



नगर भानपुरा में दिन हो या आधी रात नगर की मुख्य मार्गो से शादी ब्याह या अन्य खुशी के आयोजनों में डीजे की धुन पर अत्यधिक तेज आवाज में फूहड़ गानो आदि पर थिरकने का प्रचलन अत्यधिक बढ़ गया है। डीजे की आवाज शासन की निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक तेज होती है, जिसके कारण लोगों के लिए सामान्य अवस्था में डीजे की कान फोड़ू आवाज को सुनना मुश्किल हो गया है। चार पहिया लोडेड वाहन पर फिट किए गए डीजे जब नगर भानपुरा की रहवासी बस्तियों के गली मोहल्लों से तेज आवाज में बजते हुए निकलते हैं तो जमीन व घरों में तेज भूकंप की तरह कंपन होना आम बात है, यही नहीं विशेष करके बुजुर्ग लोगों, छोटे बच्चों एवं पेड़ों पर विश्राम कर रहे पक्षियों व बंदरों के लिए जबरदस्त आघात के रूप में हृदय/ हार्ट को प्रभावित कर रहें हैं। बीते कुछ दिनों से नगर में शासन के तय शुदा ध्वनि प्रसारण के मापदंड से कई गुना अधिक तेज आवाज में डीजे बजाने का चलन बढ़ गया है, कहीं बुजुर्ग बतातें कि जब डीजे बजता है तो उनके हार्ड में दर्द होने लगता है, डीजे की अत्यधिक तेज आवाज हमारे लिए बर्दाश्त से बाहर है।

इस मामले में तहसीलदार भानपुरा विनोद कुमार शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरोठ-भानपुरा राजाराम धाकड़ ने बताया कि वास्तव में कई लोगों की डीजे पर तेज आवाज की शिकायत मिल रही है, तत्काल सभी डीजे वालों को बुलाकर आदेशित किया जा रहा है ,इसके बावजूद तेज आवाज नियंत्रण नहीं किए जाने पर व शासन द्वारा निर्देशित नियमों का पालन नहीं करने पर वाहनों की जप्ती व डीजे संचालकों पर कानूनी कारवाई सक्ति से की जाएगी।

## ट्रक ने मारी कार को टक्कर

**पिपलियामंडी, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। विशनिया (नीमच) निवासी प्रहलाद पिता भेरुलाल धनगर ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि दोस्त मोहन नागदा के साथ कार (एमपी 44 सीए 6244) से मल्हारगढ़ से अपने गांव जा रहा था, हाईवे पर शराब ठेके के आगे गाड़ी रोककर साइड में खड़े थे, इसी दौरान मंदसौर की ओर से आ रही ट्रक (डीडी 01 एफ 9275) के ड्राइवर ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर पर केस दर्ज किया।


**✻ उठावना ✻**

मेरी माताजी, स्व. बद्रीलालजी भदादा की धर्मपत्नी, हरिवल्लभ, रामगोपाल, अरुण की भाभीजी, स्व. जगदीशजी, महेशकुमार, प्रकाशचंद्र, अशोक कुमार, स्व. यशवंतकुमारजी, की काकीजी अभिषेक की बड़ी मम्मीजी, विदोष, स्व. विवेकजी, हितेश, नितेश, केयूर, पियूष, ऋषि की दादीजी, माधव, लक्ष्य, मुदित, सोमिल, अनिक, देविक की परदादीजी श्रीमती मनोरमा देवी भदादा का स्वर्गवास दिनांक 19 मई 2024 रविवार को हो गया है जिनका उठावना 21 मई 2024 मंगलवार को दोपहर 2 बजे माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड़, मंदसौर पर रखा गया है।



**नोटः- शोक बैठक प्रतिदिन निज निवास पर शाम 7 से 8 बजे रखी गई हैं।**

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**कृष्णकुमार (राजाराम) भदादा**
**चवरे के मंदिर के पास, गणपति चौक, जनकूपुरा, मंदसौर**


## श्री मद भागवत कथा महापुराण का आयोजन आज से

**खजूरीआंजना, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** निपानिया अफजलपुर में श्रीमद् देवी भागवत कथा 21मई से शुरू होगी जो 27 मई 2024 तक आयोजित होगी एवम 27 मई को महाप्रसादी एवं भव्य भंडारे का आयोजन होगा कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक होगी, 23 मई को 101 कन्या पूजन, 25 मई को 11000 दीपोत्सव, रात्रि 8:00 बजे तुम्बड़ मैया की महा आरती एवं रात्रि 9:00 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, 26 मई को रात्रि 8बजे से दिव्य दरबार लगेगा जिसमें पूज्य गुरुदेव सरकार द्वारा भक्तों का पर्चा बनाया जाएगा। 27 मई को कथा समापन अवसर पर महाप्रसादी एवं भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा, कथा का सीधा प्रसारण प्रतिदिन दोपहर 1बजे से यूट्यूब चैनल अम्बाजी धाम निपानिया अफजलपुर पर किया जाएगा।

# 15 दिन में बजट की रूपरेखा तैयार करेगी सरकार

**भोपाल, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** मोहन सरकार का पूर्ण बजट जुलाई में होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। इसकी तैयारी वित्त विभाग ने प्रारंभ कर दी है। 15 दिन में वर्ष 2024-25 के बजट की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके लिए उप सचिव स्तरीय बैठकों का सिलसिला मंगलवार से प्रारंभ होगा। इसमें विभागीय प्रस्तावों पर विचार करके इन्हें मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के समक्ष अंतिम निर्णय के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार बजट सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। सरकार एक लाख 48 हजार करोड़ रुपये का लेखानुदान प्रस्तुत कर चुकी है। इसमें जुलाई 2024 तक के लिए विभागों को राशि दी गई है। इसमें नई योजनाएं शामिल नहीं की गई थीं। अब पूर्ण बजट में नई योजनाओं के साथ-साथ उन योजनाओं को केंद्रीय योजनाओं में समाहित करने पर विचार होगा, जिनकी प्रकृति एक जैसी है। कुछ ऐसी योजनाएं भी चिह्नित की जाएंगी, जिनके लक्ष्य पूर्ण हो चुके हैं और बजट में शामिल हैं। सरकार की प्राथमिकता में रोजगार, औद्योगिक, अधोसंरचना विकास और हितग्राहीमूलक योजनाएं रहेंगी। इसके लिए विभागों को आवश्यकता के अनुसार राशि उपलब्ध



कराई जाएगी। लाड़ली बहना, किसानों को गेहूं पर 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस, सिंहस्थ की तैयारी आदि के लिए संबंधित विभागों के लिए प्रविधान होंगे। नर्मदा जल के उपयोग के लिए सिंचाई परियोजना को प्राथमिकता में रखा जाएगा क्योंकि इस वर्ष दिसंबर में राज्य को आवंटित जल का उपयोग करना है। इसके लिए परियोजनाओं की स्वीकृति और निविदा प्रक्रिया प्रारंभ होना आवश्यक है। बजट के साथ-साथ वित्त मंत्री के भाषण की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए 10 जून तक सभी विभागों से उपलब्धियां को विवरण मांगा गया है। इसमें भी पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में किए गए कामों को प्रमुखता से रखा जाएगा। हिताग्रहीमूलक योजनाओं के लाभार्थियों के बारे में अलग से जानकारी दी जाएगी।

## दुर्घटना में घायल, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के 9 दिन बाद पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार दशरथ पिता मोहनलाल भील 11 मई को बाइक (एमपी 43 एमजी 1915) से अपने गांव रुपनी जा रहा था, इसी दौरान कयामपुर में केलूखेड़ी तिरोह पर बाइक (एमपी 14 जेडई 0301) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दशरथ को पैर, सिर में चोंटे आई। इलाज कराने के बाद दशरथ ने नाहरगढ़ थाने पर शिकयत दर्ज कराई। विवेचना के बाद पुलिस ने रविवार को टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज किया।

# पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा सीमेंट कांक्रीट रोड की मरम्मत नहीं की

**भानपुरा, 20 मई गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा नगर के सबसे व्यस्ततम स्थान विजय स्तंभ के समीप व जिओ टावर के समीप अस्पताल मुख्य मार्ग के सामने पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा पेयजल पाइप लाइन डाली जाने एवं पाइपलाइन लीकेज होने के दौरान सीमेंट कांक्रीट रोड को खोदा गया था। कई माह बीत जाने के बाद भी पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा इन स्थानों पर सीमेंट कांक्रीट रोड की मरम्मत नहीं की गई है। इसके चलते इन स्थानों पर आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके साथ ही यहां पर गंभीर दुर्घटनाएं घटित होने की लगातार संभावनाएं निर्मित होती



रहती है। कुछ समय बाद बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा इस दौरान यहां पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा सीमेंट कंक्रीट को रोड ठीक नहीं किए जाने से स्थितियां गंभीर हो जाएगी।

पेयजल योजना ठेकेदार की मनमर्जी व भारी लापरवाही का खमीयजा नगर वासी काफी लंबे समय से भोग रहे हैं। नगर में कई स्थानों पर पेयजल पाइप लाइनों का कार्य गुणवत्ता युक्त नहीं होने से कई जगहों पर पाइप लाइनों का फटना लीकेज होना आम बात हो गई है। पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा फूटी पाइप लाइनें एवं लीकेज को ठीक करने के लिए सीमेंट कांक्रीट रोड को जगह-जगह से खोद दिए जाने एवं मरम्मत नहीं किए जाने से नगर में कई जगहों पर मार्गो पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा नगर में जहां-जहां भी सीमेंट कंक्रीट रोड को खोदा गया है। उनकी मरम्मत की जवाबदारी भी संबंधित ठेकेदार की है। इसके बावजूद भी पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। इसका खामीयजा नगर वासियों का भुगतना पड़ रहा है एवं दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। नगर परिषद प्रशासन को चाहिए कि पेयजल योजना ठेकेदार द्वारा भारी लापरवाहियों के साथ ही जिम्मेदारी से कार्य नहीं किए जाने को लेकर शक्ति दिखानी होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भानपुरा मोहम्मद अशफाक खान ने इस संबंध में बताया कि पेयजल योजना ठेकेदार को कार्य में लापरवाही एवं अन्य कार्य समय सीमा में नहीं किए जाने को लेकर पूर्व में नोटिस दिए गए थे। पेयजल पाइप लाइन डालने या लीकेज आदि ठीक किए जाने के दौरान नगर में जहां भी सीमेंट कांक्रीट रोड ठेकेदार द्वारा खोदे गए हैं। उनकी मरम्मत की समस्त जवाबदारी पेयजल योजना ठेकेदार की है। इस कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है। इसको लेकर शीघ्र ही पेयजल योजना ठेकेदार को नोटिस दिया जा रहा है। पेयजल योजना ठेकेदार को 5 वर्षों र्तक पेयजल योजना का सुचारू रूप से संचालन करना है। विजय स्तंभ के आसपास सीमेंट कांक्रीट रोड ठेकेदार द्वारा जो खोदे गए थे। इसकी मरम्मत के लिए ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## गरमी में लगातार तेजी... पेज 1 से जारी

भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, नॉर्थ-ईस्ट राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। मध्य प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) ट्रफ लाइन के साथ एक्टिव है। वहीं एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर होगा। इसके चलते कहीं तेज गर्मी है तो कहीं बारिश-आंधी है। खासकर दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में बारिश-आंधी हो रही है। उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र में टेंपरेचर बढ़ रहा है।


**आवश्यकता है**

रेडीमेड कपड़ों की दुकान के लिए
**सेल्समेन** की आवश्यकता है
वेतन योग्यतानुसार
**दिलीप स्टोर्स**
कालाखेत, मंदसौर, मो.-8839455308


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in